DR. SASMIT PATRA (Odisha): Sir, I also associate myself with the Zero Hour submission made by the hon. Member.

MR. CHAIRMAN: Mr. Abdul Wahab. He is in the Well of the House. So, he is not called to speak. ...*(Interruptions)*...

**श्री सभापति** : श्रीमती ममता मोहंता।

### Need for revision of compensation amount under the *Jatiya Parivar Mangala Yojana* in Odisha

**श्रीमती ममता मोहंता** (ओडिशा): सभापति महोदय, मैं 'जातीय परिवार मंगल योजना' के बारे में निवेदन करना चाहती हूं। 'जातीय परिवार मंगल योजना' वर्ष 2008 में शुरू हुई थी। इसमें पहले सहायता राशि 10,000 रुपए दी जाती थी, लेकिन वर्ष 2012 में इसे बढ़ाकर 20,000 रुपए कर दिया गया। इस योजना के तहत अगर किसी परिवार के मुख्य आय करने वाले व्यक्ति का निधन हो जाता है और यदि उसकी उम्र 60 साल से कम हो तथा उसके बच्चे नाबालिग हैं, तो उस परिवार को इस योजना में शामिल किया जाता है। इस योजना में हिताधिकारी को 1997 के बीपीएल सर्वे के अनुसार सहायता राशि मिलती है। बीपीएल सर्वे हर पांच साल में होना चाहिए, क्योंकि इन 24 सालों में बीपीएल के सर्वे के मुताबिक गरीब परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से ज्यादा बेहतर है और अमीर परिवार के लोग भी गरीब हुए हैं।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से अनुरोध करती हूँ कि 1997 के BPL सर्वे में संशोधन करके आर्थिक स्थिति के हिसाब से इन परिवारों को इस योजना में शामिल किया जाए। ...**(व्यवधान)**... इसके साथ ही, आजकल के ज़माने में 20 हजार रुपए कोई मायने नहीं रखते, इसलिए इसको बढ़ा कर 2 लाख रुपए किया जाए, धन्यवाद। ...**(व्यवधान)**...

DR. AMAR PATNAIK (Odisha): Sir, I associate myself with the matter raised by the hon. Member.

DR. SASMIT PATRA (Odisha): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.

SHRI SUJEET KUMAR (Odisha): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.

MR. CHAIRMAN: Thank you, Mamata*ji*. Next, Shri Digvijaya Singh*ji;* in his seat! No. Now, Lt. Gen. (Dr.) D.P. Vats (Retd.). ...*(Interruptions)*...